प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. संसद ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक, 2026 किया पारित : वंदे मातरम को राष्ट्र गान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण का प्रावधान।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत युवाओं से 2 अगस्त को करेंगे संवाद : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य विश्वविद्यालयों के साथ ऑनलाइन बैठक में की तैयारियों की समीक्षा।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर को दी 692 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात : कहा– प्रदेश में पिछले 9 साल में 9 लाख से ज्यादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से मिली सरकारी नौकरी। और
4. श्रावण मास के पहल दिन आज प्रदश के शिवालयों में उमड़े भक्त : मुख्यमंत्री ने वाराणसी में किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन।

———————

संसद ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण– संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन के लिए यह विधेयक लाया गया था। लोकसभा ने आज इस विधेयक को पास किया, जबकि राज्यसभा ने कल विधेयक को पारित किया

था। विधेयक का उद्देश्य वंदे मातरम को राष्ट्र गान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान करना है। इन अपराधों के लिए तीन वर्ष तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह विधेयक केवल एक विधायी संशोधन नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय पहचान और देश के स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। बाइट....

*यह विधेयक राष्ट्र गौरव का विधेयक है। यह किसी राज्य के खिलाफ नहीं है। किसी व्यक्ति या किसी विचारधारा के खिलाफ नहीं है और जब राष्ट्रगान हो तो उसके साथ–साथ राष्ट्रगीत का भी गायन हो। अब एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए संपूर्ण वंदे मातरम चाहिए।*

———————————

राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जन भवन, लखनऊ से प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले वर्चुअल संवाद की रूपरेखा और तैयारियों की जानकारी दी गई। 2 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के लगभग 10 हजार स्थानों से वर्चुअली जुड़े एक करोड़ से अधिक युवाओं से संवाद करेंगे।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब यहां मेडिकल कॉलेज है। गाजीपुर से अन्य शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। गाजीपुर के स्प्रिचुअल टूरिज्म से जुड़े स्थानों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्ष में पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, डिजिटल भारत, मिशन रोजगार के तहत लाखों नौजवानों को नौकरी मिल रही है। यूपी में 9 साल में 9 लाख से ज्यादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने गाजीपुर के लोगों से विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित गाजीपुर के सारथी बनने का आह्वान किया। बाइट.....

*आज के इस अवसर पर जब ₹692 करोड़ की इन परियोजनाओं का उपहार जनपद गाजीपुर को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मैं आप सबका आह्वान करूंगा कि हम सब मिलकर के विकास की प्रक्रिया के सारथी बने। नए भारत में नए उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने के सारथी बने। विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गाजीपुर के निर्माण की दिशा में हम सभी मिलकर के कार्य करें।*

———————————

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नीट पेपर लीक मामले को लेकर जंतर–मंतर पर विद्यार्थियों के प्रदर्शन के

दौरान तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के हथियारों के उपयोग का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। एक रिपोर्ट...

*सर्वोच्च न्यायालय ने कानून–व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस को असाधारण परिस्थितियों में पैलेट गन का इस्तेमाल करने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची औरन्यायामूर्ति वी. मोहन की पीठ ने दिल्ली सरकार को प्रदर्शन के दौरान पेलेट लगने से घायल हुए लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।*

————————

उत्तर प्रदेश भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण यूपी रेरा बार्यस यानी– घर खरीदने वाले ग्राहकों की सहूलियत और उन्हें सही जानकारी मुहैया कराने के लिये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल करेगा और जल्द ही रेरा की एक नई वेबसाइट लांच होगी, जिसमें प्रोजेक्ट की जानकारी और शिकायतों को दर्ज कराना आसान हो जायेगा। उत्तर प्रदेश रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्रदेश में लखनऊ जिला रियल स्टेट के क्षेत्र में पहली पसंद बन गया है, जहां पिछले 6 महीनों में 37 नये प्रोजेक्ट आये हैं। वहीं गौतमबुद्ध नगर में 27 और गाजियाबाद में 19 नई रियल स्टेट परियोजनायें पंजीकृत हुई हैं। उन्होंने कहा कि रेरा ने अब तक 8 हजार से अधिक विवाद के मामलों में दो हजार 173 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम खरीददारों को वापस दिलवाई है। इसके साथ ही रेरा संवाद के जरिये 5 हजार से ज्यादा शिकायतों का भी समाधान हुआ है।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

श्रावण मास के पहले दिन आज प्रदेश के शिवालयों में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन शुरु कर दिया। राजधानी लखनऊ के मनकामेश्वर सहित प्रमुख मंदिरों में भक्तों ने भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन कर प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था को पूरे श्रावण मास में प्रभावी और निर्बाध रूप से बनाए रखे जाने का निर्देश दिया। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन का सिलसिला भोर से ही शुरु हो गया। मंदिर ट्रस्ट ने

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। एक रिपोर्ट.....

*सावन मास के प्रथम दिन श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। धाम में आने वाले भक्तों का पुष्प वर्षा और रेड कार्पेट के साथ स्वागत किया जा रहा है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन की विशेष व्यवस्थाएं जारी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए धाम में छह स्थानों पर जिग–जैग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा गौरी केदारेश्वर, तिलभांडेश्वर, महामृत्युंजय तथा बीएचयू स्थित विश्वनाथ मंदिर सहित प्रमुख शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरे सावन माह में दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन की विशेष व्यवस्थाएं लगातार जारी हैं। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

———————————

श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रदश सरकार ने व्यापक कदम उठाए हैं। इसी क्रम में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल और डीजीपी राजीव कृष्ण ने आज बरेली में बरेली व मुरादाबाद मंडल के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद एक पत्रकार वार्ता में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि इस बैठक में सुरक्षा, ट्रैफिक, महिला सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बाइट.....

*यह न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश का बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में एक बड़ा आयोजन होता है। इसमें करोड़ों लोग इसमें पार्टिसिपेट करते हैं। तो उनके पूरे व्यवस्थापन के लिए आम जनता के कोई दिक्कत ना हो उसके लिए और एक सुव्यवस्थित ढंग से यह पूरी यात्रा संपन्न हो। इस विषय में चीफ सेक्रेटरी साहब के द्वारा और मेरे द्वारा यहां पर गोष्टी की गई। इसमें सभी बिंदुओं पर जो अवस्थापना के बिंदु हैं, जो इंफ्रास्ट्रक्चर के बिंदु हैं, डिप्लॉयमेंट के बिंदु हैं, उन विषयों पर चर्चा हुई।*

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ काम कर रही हैं। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई भी कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

———————

प्रदश में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बदायूं में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा और बाराबंकी में घाघरा खतरे के निशान के करीब बह रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले तीन दिनों में गरज चमक के साथ बौंछारें पड़ने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक कुछ जगहों पर तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

(समाप्त)